वर्ष- 02 अंक- 154
छपरा
24 अप्रैल गुरूवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# पहलगाम हमले पर देशभर में गुस्सा

## लोग बोले- कश्मीर में जाति नहीं, धर्म पूछा; कैंडिल मार्च निकालकर श्रृद्धांजलि दी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकी हमले में दो विदेशी पर्यटकों समेत 20 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, प्रशासन ने अभी तक सिर्फ एक टूरिस्ट की मौत की पुष्टि की है। इस आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि घिनौने कृत्य के पीछे जो भी है उसे, बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा- उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा आगे मोदी ने कहा- पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस घिनौने कृत्य के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छुट्टियां मनाने आए पर्यटकों से आतंकियों ने पहले



नाम पूछा, इसके बाद उसके फायरिंग की और भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा ने ली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती, असदुद्दीन ओवैसी, अक्षय कुमार, समेत कई नेता और सेलेब्रिटीज ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और दुख वयक्त किया है...

### पहलगाम आतंकी हमले का पंजाब में विरोध प्रदर्शन,मुसलमान सड़कों पर

## आतंकवाद का पुतला फूंका, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए



**लुधियाना,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को पंजाब के लुधियाना में प्रदर्शन हुआ। यहां के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आतंकियों के कृत्य की निंदा करने और मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रोस्टेट का आयोजन किया। इससे पहले उन्होंने मस्जिद में नमाज अदा की। प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम समुदाय ने आतंकवाद का पुतला जलाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। समुदाय के नेता मुहम्मद मुस्तकीम का कहना है कि कश्मीर में आतंकियों द्वारा निहत्थे लोगों पर किया गया हमला निंदनीय है। इसका पूरा मुस्लिम समाज विरोध करता है। प्रदर्शन में पंजाब के शाही इमाम उस्मान लुधियानवी भी शामिल हुए। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कुल 27 लोग मारे गए हैं।

## हमले में मारे गए लोगों के लिए मुआवजे का एलान, घटनास्थल पहुंचे गृहमंत्री शाह



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और 26 लोगों की जान ले ली। जम्मू-कश्मीर सरकार ने हमले में मारे गए लोगों के परिवार के लिए मुआवजे का एलान किया है। **दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा :**पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, यह कायराना हमला है। दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। कठोरतम दंड मिलेगा। यह विकसित भारत के निर्माण की प्रगति यात्रा से परेशान होकर, बौखलाकर उठाया गया कदम है लेकिन भारत बढ़ता रहेगा। हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और अपनी संवेदना प्रकट करते हैं।

**पर्यटकों के लिए मुफ्त ऑटो सेवा :**पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों की सहायता के लिए प्रशासन और स्थानीय संगठनों ने एक सराहनीय पहल की है। पर्यटकों को सुरक्षित रूप से अपने गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अब मुफ्त ऑटो सेवा शुरू की गई है। सेवा खासतौर पर उन पर्यटकों के लिए शुरू की गई है जो हमले के बाद जल्द लौटना चाह रहे हैं या जिनकी आवाजाही प्रभावित हुई है। स्थानीय ऑटो चालक इस सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और पर्यटकों की मदद कर रहे हैं, अतिथि देवो भव- की भावना के साथ।

### पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत के 5 बड़े एक्शन

## सिंधु जल समझौते पर रोक, पाक नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम



**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) की अहम बैठक हुई। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ पांच कड़े फैसले लिए गए। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है। सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क के तहत जारी किए गए सभी वीजा छूट रद्द करने का फैसला भी किया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया है। इस फैसले के साथ ही अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट को भी बंद किया जाएगा, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच जमीनी संपर्क भी समाप्त हो जाएगा। ये सभी फैसले भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं।



## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पहलगाम आतंकी हमले का मामला, पर्यटकों की सुरक्षा की मांग को लेकर पीआईएल दाखिल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में पर्यटकों की सुरक्षा की मांग को लेकर जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल की तैनाती के निर्देश दिए जाएं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। इस घटना के बाद पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपाय करने और उन स्थानों पर सशस्त्र बल तैनात करने के निर्देश देने की मांग की गई है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

## 8 साल की बच्ची से रेप, पत्थर से कुचलकर हत्या

### एक आंख फूटी, कान भी चबाए

**छतरपुर,एजेंसी।** छतरपुर में 8 साल की बच्ची से रेप के बाद उसकी पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। आरोपी बच्ची को उसके घर से चॉकलेट दिलाने के बहाने ले गया। 600 मीटर दूर उससे दुष्कर्म किया। उसके कान भी चबा डाले। इसके बाद पत्थर से चेहरा कुचल दिया। इससे उसकी एक आंख फूट गई।

घटना मंगलवार दोपहर 1.30 बजे की है। आरोपी बालकिशुन यादव है। उसे गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची के पिता ने कहा कि उसकी वहीं मौत हो गई थी। हालांकि पुलिस ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई।

**परिजन ने खोजा तो बच्चों ने दी जानकारी :**आरोपी मोहल्ले के पांच बच्चों को 600 मीटर दूर एक फूटे घर में टॉफी खिलाने के बहाने लेकर गया था। इसके बाद सभी बच्चों को टॉफी देकर भगा दिया। एक बच्ची को उसने अपने पास रखा था। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने बच्चों की तलाश की तो मोहल्ले के बच्चों ने घटना की जानकारी दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गया। बच्ची के सिर और सीने में पत्थर से चोट के निशान थे।

## उतरेटिया में रेलवे ट्रैक पर मिला लोहे का दरवाजा, ट्रेन पलटाने की साजिश, जांच में जुटीं एजेंसियां

**लखनऊ,एजेंसी।** उतरेटिया में मंगलवार रात रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखा मिला। माना जा रहा है कि अराजक तत्वों ने ट्रेन पलटाने की साजिश रची थी। मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सुरक्षा एजेंसियां साजिशकर्ताओं के बारे में पता लग रही हैं। सर्विलांस की मदद से अराजक तत्वों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक रेलवे कर्मी अनिल कुमार पांडे की ओर से केस दर्ज कराया गया है।

## बाबू वीर कुंवर सिंह शौर्य दिवस पर भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री



**दैनिक खोज खबर/पटना।** वुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह के विजय दिवस पर भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुये। सभ्यता द्वार के सामने जे0पी0 गंगा पथ पर बने कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम द्वारा किये गये अलग-अलग प्रदर्शन और करतब को देखा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह सहित अन्य मंत्रीगण, सांसद रवि शंकर प्रसाद, सांसद राजीव प्रताप रूडी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### गिरिराज सिंह ने आरजेडी सुप्रीमो को दिया चैलेंज

## बोले- लालू यादव के पास जुबान नहीं, हिम्मत है तो बिहार के विकास पर कर लें बहस

**बेगूसरा,एजेंसी।** बीजेपी के सीनियर लीडर और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद सुप्रीमो लालू यादव को विकास के मुद्दे पर बहस करने का चैलेंज दिया है। उन्होंने कहा है कि लालू यादव को विकास के मुद्दे पर बोलने का कोई हक नहीं है। इसके साथ ही मधुबनी में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को देश के विकास के लिए एक नया आयाम बताया है। बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि भारत को हम विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। लेकिन पूर्वांचल के विकास के बगैर भारत विकसित राष्ट्र नहीं हो सकता है। पूर्वांचल का विकास करना है तो पूर्वांचल के मुख्य द्वार गेटवे ऑफ ईस्टर्न बिहार है।



इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में प्रोसेसिंग यूनिट की बात की। बिहार में मखाना की बात की, मखाना सेंटर खोलने की बात की। बिहार में नदियों पर 17 पुल देने की बात ही नहीं की, बल्कि पुल देने का काम किया है। जिस बेगूसराय से हम चार-चार घंटे में पटना पहुंचते थे, आज बरौनी थर्मल से पटना गोलघर डेढ़ घंटे में पहुंच रहे हैं।

यह नरेंद्र मोदी के विकास का विजन है कि बिहार के विकास के बगैर पूर्वांचल का विकास नहीं हो सकता है। पूर्वांचल के विकास के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता है। इसी को साकार करने के लिए चाहे वह बेगूसराय और भागलपुर आते हैं। कल प्रधानमंत्री मधुबनी आ रहे हैं, पूरा विश्वास है कि एक नया आयाम लिखा जाएगा।

## पप्पू यादव ने पीएम और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

### कहां गया 56 इंच का सीना

**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पहलगाम अटैक पर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 साल में 46 हमले हो चुके हैं। कहां गया 56 इंच का सीना। अमरनाथ यात्रा की तैयारी चल रही है। इसके बाद भी इंटेलिजेंस, आईबी समेत सारी एजेंसियां फेल हो गई। नैतिकता के आधार पर एक मिनट भी पीएम और गृहमंत्री को पद पर रहने का अधिकार नहीं है। दोनों को रिजाइन करना चाहिए। देश खत्म हो जाए। 56 इंच का सीना 5 इंच का बन जाए।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- बार काउंसिल सदस्य ही बनेंगे वक्फ बोर्ड मेंबर

### मुस्लिम होना अनिवार्य, 2 शर्तें लागू कीं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राज्य वक्फ बोर्ड में नियुक्ति को लेकर अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा- राज्य बार काउंसिल का एक्टिव मेंबर ही राज्य वक्फ बोर्ड का सदस्य बन सकता है।


जस्टिस एम.एम.सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए 2 अनिवार्य शर्तें पूरी करनी होंगी।

**पहली-** व्यक्ति मुस्लिम समुदाय से हो। **दूसरी-** संसद, राज्य विधानसभा या बार काउंसिल के सदस्य के रूप में सक्रिय पद हो। सुप्रीम कोर्ट मणिपुर हाईकोर्ट के उस फैसले को गलत बताया, जिसमें हाईकोर्ट ने कहा था कि कानून में स्पष्ट नहीं है कि बार काउंसिल से बाहर होने पर वक्फ बोर्ड की सदस्यता भी समाप्त हो जाएगी।

**जानिए पूरा मामला...** राज्य वक्फ बोर्ड का यह मामला मणिपुर के मोहम्मद फिरोज अहमद खालिद से जुड़ा था, जिन्हें फरवरी 2023 में मणिपुर वक्फ बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया था। वह दिसंबर 2022 के चुनाव में बार काउंसिल का सदस्य बनने के बाद वक्फ बोर्ड में शामिल हुए थे। उन्होंने उस व्यक्ति की जगह ली थी, जो बार काउंसिल का चुनाव हार गया था। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने खालिद की नियुक्ति को वैध ठहराया था, लेकिन डिवीजन बेंच ने इस फैसले को पलटते हुए कहा था कि कानून में यह स्पष्ट नहीं है कि बार काउंसिल से बाहर होने पर वक्फ बोर्ड की सदस्य समाप्त हो जाएगी।

## म.प्र.-राजस्थान सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

### छत्तीसगढ़ में लू से मजदूर की मौत; 12 राज्यों में आंधी-बारिश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** मौसम विभाग ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3-5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया। वहीं, म.प्र. के 6 जिलों में हीटवेव के आसार है। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मौसम विभाग ने कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मणिपुर सहित 12 राज्यों में आज बारिश की संभावना जताई है। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 अप्रैल तक भारी बारिश का अलर्ट है।

### अगले 2 दिनों का मौसम अपडेट :

28 अप्रैल तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तर प्रदेश में हीटवेव रहेगी।

बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अगले 2 दिन तक तेज गर्मी पड़ेगी।

अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम में 27 अप्रैल तक बारिश होने की संभावना है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति का जयपुर में सिटी पैलेस दौरा रद्द

### पहलगाम हमले की वजह से लिया फैसला

**जयपुर,एजेंसी।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सपरिवार चार दिन (21 अप्रैल से 24 अप्रैल) की भारत यात्रा पर हैं। बुधवार को उन्हें जयपुर के सिटी पैलेस जाना था, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है। दौरा रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की वजह से यह फैसला लिया गया। इससे पहले बुधवार सुबह वेंस और उनके परिवार से आगरा में ताजमहल देखा। करीब 3 घंटे आगरा में बिताने के बाद वे जयपुर लौट आए। फिलहाल वेंस और उनका परिवार रामबाग पैलेस होटल में हैं। वे कल (गुरुवार) सुबह साढ़े 6 बजे वाशिंगटन रवाना होंगे।

**इंडियन कल्चर में दिखे बच्चे-**अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की फैमिली इंडियन कल्चर में दिखाई दी। सभी ने भारतीय परिधान पहना हुआ है। वेंस के दोनों बेटे ट्रेडिशनल कुर्ता पायजामा पहने हुए हैं।

आगरा में विमान से उतरते हुए सबसे आगे जेम्स डेविड वेंस की पत्नी ऊषा वेंस अपनी बच्ची की उंगली पकड़कर आगे बढ़ीं। यहां पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वेंस और उनके परिवार को बुके देकर स्वागत किया।

### सुप्रीम कोर्ट की सलाहः

## मानहानि मामले में शिवराज चौहान और विवेक तन्खा को ,बातचीत से मामला सुलझाएं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से कहा कि वे मानहानि मामले को आपसी बातचीत से निपटा लें। कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश में साल 2021 के पंचायत चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उनके खिलाफ संगठित, दुर्भावनापूर्ण, झूठा और मानहानिकारक अभियान चलाया।

**सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा- हम मामला बंद करना चाहते हैं :**न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने चौहान और तन्खा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी और कपिल सिब्बल से कहा, कृपया हमें यह मामला सुनने के लिए मजबूर न करें। हम इसे बंद करना चाहते हैं। आप दोनों साथ बैठकर इसे सुलझाएं। पिछले साल मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार



कर दिया था। उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शिवराज सिंह चौहान ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।

**21 मई को होगी सुनवाई :**बुधवार को सुनवाई के दौरान विवेक तन्खा के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर वह (चौहान) खेद व्यक्त करते हैं, तो मैं मानहानि के मामले को सुलझाने के लिए तैयार हूं। इस पर सुप्रीम कोर्ट में शिवराज सिंह चौहान का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने जवाब दिया कि अगर कोई गलती ही नहीं हुई है तो मंत्री को खेद क्यों होना चाहिए? उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से उन्हें सिब्बल के साथ बैठकर मामले पर चर्चा करने में कोई समस्या नहीं है। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई 21 मई तक टाल दी। दरअसल विवेक तन्खा का आरोप है कि साल 2021 के पंचायत चुनाव में भाजपा नेताओं ने दावा किया कि विवेक तन्खा ने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। इसके खिलाफ तन्खा ने भाजपा नेताओं पर 10 करोड़ रुपये मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

# हुंकार : बाबू वीर कुंवर सिंह शौर्य दिवस पर पटना में गूंजा जय सांगा का उद्घोष

## राजीव प्रताप रूडी ने पहलगाम आतंकी हमले की तीव्र निंदा की, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

### कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री और कई वर्तमान व पूर्व विधायक थे उपस्थित



**दैनिक खोज खबर/पटना ।** बुधवार को बाबू वीर कुँवर सिंह शौर्य दिवस के अवसर पर आज राजधानी पटना के बापू सभागार में शौर्य, स्वाभिमान और संगठन की त्रिधारा फूट पड़ी। क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित इस विराट समारोह में सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह भीड़ नहीं, यह चेतना है; यह सभा नहीं, यह उद्घोष है। राजीव प्रताप रूडी इस समारोह के मुख्य अतिथि थे, जिनके प्रयासों से भारतीय वायुसेना के सूर्यकिरण और आकाशगंगा टीम के लड़ाकू विमानों ने गगनभेदी गर्जना के साथ बाबू वीर कुँवर सिंह को आकाश से ऐतिहासिक सलामी अर्पित की। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री सुमित सिंह, पूर्व मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू, विधायक राजेश सिंह, विधायक श्रेयसी सिंह, पूर्व विधायक स्वर्णा सिंह और विनय कुमार सिंह, भाजपा नेता संजय सिंह टाइगर, जदयू नेता अजय सिंह (सिवान), निवेदिता सिंह, चंद्र विजय सिंह, बिट्टू सिंह, व्यास सिंह, रितेश सिंह, गोपाल शरण सिंह, यशवंत सिंह, मनोरंजन सिंह, मनोज सिंह, बाबू वीर कुँवर सिंह शौर्य दिवस आयोजन समिति के संरक्षक पद्मश्री डॉ. आर.एन. सिंह तथा संयोजक ब्रजेश सिंह सहित राज्य के विभिन्न जिलों से पधारे क्षत्रिय समाज के हजारों गणमान्य जन उपस्थित थे।

इससे पूर्व गंगा तट पर भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण और आकाशगंगा टीमों ने अद्भुत और अविस्मरणीय प्रदर्शन कर आकाश में शौर्य की अमिट छाप छोड़ी। जब भारतीय सैनिक 20,000 फीट की ऊँचाई से तिरंगा लेकर उतरे और वीर बाबू कुँवर सिंह की छवि आकाश में लहराई, तो लगा जैसे इतिहास पुनः सजीव हो उठा है।श्री रूडी ने अपने भावनात्मक संबोधन की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए की और कहा कि भारत की धरती पर कायरता का कोई स्थान नहीं। वीरों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।उन्होंने मंच से उद्घोष किया कि अब क्षत्रिय समाज अपनी पहचान, गरिमा और सम्मान की पुनर्स्थापना के लिए एकजुट होगा। श्री रूडी ने कहा कि जय श्रीराम और जय भवानी के साथ अब नया उद्घोष होगा जय सांगा! यह केवल नारा नहीं, बल्कि नवचेतना का सिंहनाद है।श्री रूडी ने कहा कि बिहार के हर गाँव में एक पीपल, एक मिट्टी का ढेर, एक धागा और एक संकल्प जन्म लेता है, जो कालांतर में मंदिर बनता है, ठीक वैसे ही अब समाज को भी अपनी पहचान की नींव रखनी है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि हम सीढ़ी हैं,



लोग चढ़ते हैं और लात मार देते हैं। अब नहीं। अब हम उस अगली पीढ़ी के लिए पुल बनेंगे, जिन्हें मंज़िल तक जाना है।उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब से सांसद नियंत्रण कक्ष बिहार के क्षत्रिय समाज के लिए 24 घंटे सहायता केंद्र के रूप में कार्य करेगा। किसी भी संकट, आपदा या ज़रूरत के समय समाज को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।डॉ. आर.एन. सिंह के अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य समारोह में प्रदेश भर से आए युवाओं, महिलाओं और समाज के वरिष्ठ जनों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया। रूडी ने इसे 1999 में दिल्ली के आयोजन की पुनरावृत्ति बताया, जब अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मंच से आशीर्वाद दिया था।अपने ओजस्वी अंदाज़ में रूडी ने सभा का आह्वान करते हुए कहा कि अब मांगने का नहीं, दिशा देने का समय है। अब मौन रहने का नहीं, जय सांगा के स्वर में समाज को पुकारने का वक्त है। कार्यक्रम का समापन वीर बाबू कुँवर सिंह, महाराणा प्रताप और राणा सांगा के जयघोष के साथ हुआ। शौर्य का यह महायज्ञ पटना की धरती पर क्षत्रिय चेतना के नवप्रभात का प्रतीक बन गया।

## पहलगाम में आतंकवादी हमला की निंदा, विरोध में निकाला कैंडल मार्च




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारतवर्ष के मुकुट पहलगाम में जो आतंकवादी जो घटना घटी है, उसके लिए पूरे छपरा जनमानस ने आज कैंडल मार्च निकालकर इसका अपना विरोध जताया। ब्राह्मण युवा चेनता मंच के जिलाध्यक्ष अरुण पुरोहित ने भारत सरकार से अपील की है कि जो भी इस देश के गद्दार है उनको चिन्हित करें और उन्हें चिन्हित कर उनको दंड दे ताकि इस तरह का घिनौना अपराध भविष्य में ना हो और सभी भारतवासियों से अपील किया गया है कि इस घड़ी में हम सभी भारतवासी अपने नेतृत्व करता प्रधानमंत्री के साथ हैं उनका जो भी कदम होगा हम लोग उसकी पूरी तरह उसका स्वागत करेंगे ।

## सारण्य महोत्सव के बैनर तले छपरा में धूमधाम से मनाया गया वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में बाबु वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाबु वीर कुंवर सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धान्जलि अर्पित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज ने कहा वीर कुंवर सिंह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह बिहार के जगदीशपुर के राजा थे और उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। वीर कुंवर सिंह की वीरता और साहस की कहानियाँ इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी गई हैं। उन्होंने अपने जीवन को देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था और उनकी बहादुरी ने



लोगों को प्रेरित किया था। वह एक सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने अपने देश के लिए सब कुछ बलिदान कर दिया था।सारण्य महोत्सव के महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में बताया वीर कुंवर सिंह का जन्म 1777 में बिहार के जगदीशपुर में हुआ था। वह एक शाही परिवार से ताल्लुक रखते थे और उन्हें बचपन से ही युद्ध कला में प्रशिक्षित किया गया था। जब 1857 का सिपाही विद्रोह हुआ, तो वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने का फैसला किया और उन्होंने अपने क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ कई सफल अभियान चलाए। वीर कुंवर सिंह की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि उन्होंने 80 वर्ष की आयु में भी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और कई महत्वपूर्ण जीत हासिल कीं। उनकी वीरता और साहस ने लोगों को प्रेरित किया और उन्हें एक महान नायक के रूप में याद किया जाता है। आज हमें वीर कुंवर सिंह के जीवन और उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और देश के लिए काम करना चाहिए। हमें उनके बलिदान और त्याग को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके विजयोत्सव पर उनकी वीरता और साहस को याद करना चाहिए। वीर कुंवर सिंह की याद में हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। हमें उनके जीवन से सीखना चाहिए कि कैसे देश के लिए लड़ना है और कैसे अपने आदर्शों के लिए खड़े रहना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राज ने की। कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत अशोक कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अमरजीत कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, अमरजीत कुमार सिंह, डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, डॉ देवेश कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, सुभाष ओझा, आमोद सहाय आदि श्रद्धान्जलि अर्पित किए।

## सोनपुर गंडक में डूबी हुई बालक दूसरे दिन भी नहीं मिला

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर घाट के पास मंगलवार के स्नान करने गए तीन चार लड़के में से एक आदित्य कुमार उम्र 10 वर्ष जो गंगा नदी में स्नान करने के दौरान वह डूब गया। इस घटना की जानकारी घर के परिजनों को उस वक्त मिला जब स्नान कर रहे हैं अन्य बालकों ने इस घटना की जानकारी उसके परिजनों को देते हुए बताया कि वह तीन चार लड़का जो घर क़े नजदीक गंडक नदी में स्नान कर रहा था जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। इस घटना के बाद से गांव में हाहाकार मच गया जबकि परिवार जनों को रो-रो किया बुरा हाल है। इस घटना के बाद से एसडीआरएफ की टीम ने बुधवार के गंडक नदी में सर्च अभियान चलाया लेकिन दूसरे दिन भी उसका शव नहीं मिला है। पंचायत के सरपंच भारत सिंह ने बताया कि डूबे हुए बालक का नाम आदित्य कुमार उम्र 10 वर्ष पिता अर्जुन महतो घर कल्याणपुर वार्ड नंबर 2 के निवासी है। वह इस घटना की जानकारी सोनपुर पुलिस एवं सीओ सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करा दी गई है।

## लड़की के अपहरण मामले में आरोपी को सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदचक में एक अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि लड़की के अपहरण के मामले में फरार चल रहा आरोपी टरवा मंगरपाल क़े बिक्रम महतो क़े पुत्र कृष्ण कुमार को गोविंदचक से गिरफ्तार किया गया है. आरोपी कृष्ण कुमार अपने रिश्तेदार के घर में छिपकर रह रहा था. बीते साल होली के समय लड़की के अपहरण की शिकायत लड़की के परिवार जनों ने सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई थी जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए छापामारी कर लड़की को गिरफ्तार तो कर लिया गया था लेकिन आरोपी फरार चल रहा था जहां पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे बुधवार को जेल भेज दिया है।

## बनियापुर थाना परिसर में जनसुनवाई शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर बानियापुर(सारण)।** वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को बनियापुर थाना परिसर में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया।जहाँ थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक फरियादियों ने पहुँच अपनी समस्याओं को रखा।शिविर में जमीनी विवाद से संबंधित सात मामले आये।जिनमे से तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निबटारा कर दिया गया।दो मामलों को शनिवार को लगने वाली जनता दरबार मे सुनवाई किये जाने का निर्णय लिया गया।वही दो अन्य मामलों में जांच की जिम्मेवारी थानाध्यक्ष को सौंपी गई।

## विद्यालय के कार्यालय कक्ष के अलमीरा से कागजात को चोरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोझी बुजुर्ग से विद्यालय के कार्यालय कक्ष के अलमीरा से कागजात को चोरी कर लेने की एक प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। विद्यालय प्रधान मिथिलेश कुमार सिंह ने दर्ज प्राथमिक में कहा है की बीते 16 अप्रैल को सुबह साढ़े छह बजे विद्यालय आने पर कार्यालय कक्ष की कुंडी को टूटा हुआ पाया था। कार्यालय के अंदर कई स्थान पर कागजात जलाया गया था ।वही किचेन में गैस चूल्हा चल रहा था। मामले में विद्यालय प्रधान ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की बात कही है।

## वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव राजकीय सम्मान के साथ मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित सागर हिल टॉप एकेडमी में वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव को राजकीय समारोह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने वीर कुंवर सिंह के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।विद्यालय के निदेशक विजय कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह के शौर्य, साहस और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें बताईं। प्राचार्या पूनम कुमारी ने वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि उनके आदर्शों पर चलना आज के युवाओं का कर्तव्य है।इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेरणादायक कविता सुनाई-

मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उसे पथ पर देना तुम फेंक,
मातृभूमि को शीश चढ़ाने
जिस पथ जावें वीर अनेक।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसमें रुकैया, कीर्ति, सोफिया, बबली, रागिनी, सुहानी, साक्षी, दीपिका, मधुबाला, पियूष, युवराज, आदर्श, अनु, प्रकाश, भविष्य, अंकुश, सुमित और लकी ने विशेष रूप से भाग लिया। इन प्रतिभागियों की प्रस्तुति को सराहा गया।यह आयोजन बच्चों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने और वीरों के बलिदान को याद रखने का सशक्त माध्यम बना।

## बाइक और मोबाइल को लूट लिया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के टेहटी में चार अज्ञात अपराधियों ने एक बाइक सवार से उसकी बाइक और मोबाइल को लूट लिया। घटना को लेकर पदमौल मशरख निवासी जयनाथ मांझी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि वह मंगलवार को संध्या साढ़े सात बजे अपने होंडा शाइन बाइक से टेहटी एक शादी समारोह में जा रहा था। जब वह टेहटी ईट भट्ठा के पास पहुंचा तो वहां पहले से खड़े चार लड़कों ने उसकी बाइक को रोक लिया। मारपीट कर उसे जख्मी कर दिए और उसकी बाइक और मोबाइल को लूट लिए। पीड़ित ने चारो अज्ञात को आरोपित कर कार्रवाई की मांग की है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, एक युवती को जख्मी

**मढ़ौरा ।** थाना क्षेत्र के रेपुरा में जमीनी विवाद में मारपीट कर एक युवती को जख्मी कर दिया। घटना को लेकर जख्मी अमरनाथ साह की 20 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिक में उसी गांव के रवि कुमार, रोहित कुमार, निधि कुमारी, निकिता कुमारी को आरोपित किया है । प्राथमिक में कहा है कि वह अपने घर के बाहर साफ सफाई कर रही थी। तभी सभी आरोपी जमा होकर उसे गाली देने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो रवि कुमार, रोहित कुमार ने उसका गर्दन और बाह पकड़ लिए और जमीन पर पटक दिए। इन दोनों ने अपनी बहन निधि कुमारी निकिता कुमारी से बोलकर उसकी पिटाई कराई ।

## मढ़ौरा से हजारों की संख्या में पटना के बापू सभागार में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव में शामिल हुए क्षत्रिय समाज के लोग

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** मढ़ौरा से भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में सैकड़ो गाड़ियों का काफिला लेकर लोग पटना के बापू सभागार में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव में शामिल हुए। बुधवार की सुबह मढ़ौरा विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से क्षत्रिय समाज के लोग बड़ी संख्या में मढ़ौरा भाजपा नेता ने आवास पहुंचे, जहां पर लोगों की भीड़ सैकड़ों गाड़ियों का काफिला में हजारों की संख्या में एक साथ निकाला। पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में पहले लोगों ने जेपी गंगा पथ पर पहुंच बिहार के लिए ऐतिहासिक सूर्य किरण एयर शो कार्यक्रम को देखा। फिर वहां से लोग गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में वीर कुंवर सिंह शौर्य दिवस पर आयोजित विजयोत्सव में शामिल हुए। विजयोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार थे। भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह आयोजन एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना बन गय। जहां पहली बार बिहार में आकाश गंगा की टीम एयर शो में करतब दिखाते हुए बाबू वीर कुंवर सिंह को सलामी दी। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन हर वर्ष 23 अप्रैल को उनके पैतृक गांव जगदीशपुर सहित कई जगहों पर मनाया जाता है, कुंवर सिंह ने 1857 के विद्रोह के बदौलत अंग्रेजो पर विजय प्राप्त किया था। इस बार इस तिथि को सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयासों से बड़ी भव्यता प्रदान की और बिहार के विभिन्न हिस्सों में लाखों की संख्या में पटना पहुंचे। इसके लिए बिहार के कोने कोने से पटना पहुंचे लोगों ने उन्हें श्री रूडी को साधुवाद दिया। इस मौके पर भानू प्रताप सिंह, राकेश सिंह उजाला, सतीश सिंह, सुरेश सिंह, महंत राकेश सिंह, मिथिलेश सिंह, बृज भूषण सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में लोग पटना पहुंचे थे।

## परशुराम जयंती पर 29 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

### कार्यक्रम की सफलता के लिए बनाई आयोजन समिति, मार्ग का किया गया निर्धारण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अप्रैल मंगलवार को परशुराम जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकलने का निर्णय किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति का गठन किया अध्यक्ष पं विमलेश तिवारी उर्फ बबलू बाबा सचिव आचार्य हरेराम शास्त्री एवं प्रवक्ता अमरेंद्र ओझा उर्फ पिंटू बाबा को बनाया गया ।युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष पं अरुण पुरोहित ने बताया कि 29 अप्रैल मंगलवार प्रातः 8꞉00 बजे मारुति मानस मंदिर परिसर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो टाउन थाना चौक साहिबगंज चौक सब्जी मंडी मौना चौक ,सांडा ढाला रोड़ कचहरी स्टेशन जोगणिया कोठी नगर निगम चौक, पंकज सिनेमा, रामराज चौक होते हुए दरोगा राय चौक ,भगवान बाजार, काशी बाजार ,राजेंद्र कॉलेज मोड साह बनवारी लाल पंच मंदिर गुदरी बाजार परिसर में जयंती समारोह मनाई जाएगी।



# सूर्य मंदिर विश्व शांति महायज्ञ में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज/छपरा।** धर्म के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक ज्ञान का संचार हो रहा विश्व शनि महा यज्ञ में उत्तर बिहार के सारण जिला स्थित सुप्रसिद्ध कोठियां-नाराओं में चल रहे नारायण विश्व शांति महायज्ञ में प्रातः कल ब्रह्म वेला से ही भक्तों द्वारा परिक्रमा शुरू हो जाता है द्ययज्ञ मंडप का परिक्रमा करने के बाद श्रद्धालू 216 घंटा तक चलने वाले अखंड कीर्तन में सम्मिलित हो अपना जीवन दया बना रहे है द्य यज्ञ शुरू होने के पहले ही हजारों श्रद्धालू अपना परिक्रमा पूर्ण कर ले रहे है द्य यज्ञ शुरू होने तक परिक्रमा मार्ग पर भीड़ बढ़ जा रही है द्य यज्ञ विश्राम के के बाद नवाह पाठ शुरू हो जाता है जो शाम तक चलते रहता है द्य गोधूलि वेला में महा आरती को संपन्न करने के लिए वाराणसी से आए गंगा महा आरती के पांच बटुकों के टीम द्वारा संपन्न किया जा रहा है लिए महा आरती भी नव दिनों तक नियमित रूप से चलती रहेगी द्य आरती में बच्चे से लेकर वृद्ध तक हर हर गंगे के धुन पर झूमने लगते हैं द्य आरती द्यद्द बाद मंच का विधिवत उद्घाटन महा मंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामसुमीरन दास जी महाराज द्वारा श्री नारायण को माल्यार्पण से शुरू होता है लेके बाद गणमान्य लोगों द्वारा भगवान व संत समागम तथा कथा वाचक डॉ. पुंडरीक शास्त्री को माल्यार्पण कर शास्त्रीय संगीतमय ध्वनि के साथ कथा व भजन का आनंद लेते हैं और धार्मिक जान के साथ सामाजिक ज्ञान को भी पुरस्कृत करते हैं द्य कथा समाप्ति के बाद देर रात तक राशलीला देखकर आनंदित होते हैं द्य देर रात तक भी राशलीला देखने वालों के आंखों में नींद नहीं आती द्य श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा की दृष्टि से कई शिविर भी संचालित है द्यसूर्य नारायण मंदिर सेवा समिति के तरफ से श्रद्धालुओं ओर दूर दराज से आए भक्तों के लिए जनहित की दृष्टि से कई शिविर लगाए गए जिसमें आपातकालीन मेडिकल शिविर भी है द्य यह हर अलग अलग हॉस्पिटल और नर्सिंग होम से डॉक्टर आकर सेवा अर्पित कर रहे हैं और निःशुल्क जरूरी दावा भी वितरित किया जाता है द्य बुधवार को पटना पी. एम. सी. एच. के न्यूरो सर्जन डॉक्टर विद्या सागर कुमार और उनके साथ अन्य कई डॉक्टरों शिविर में निःशुल्क सेवा अर्पित किए।



## बाबू वीरकुवंर सिंह विजयोत्सव मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** सूर्य मंदिर कोठियाँ नरावं परिसर में बुधवार को बाबू वीरकुवंर सिंह विजयोत्सव मनाया गया। जिले के सुप्रसिद्ध कोठियाँ नरावं सूर्य मंदिर परिसर में बाबू वीर कुवंर सिंह विजयोत्सव समारोह मनाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस परिसर में पिछले नव वर्षों से लागातार बाबू वीर कुंवर सिंह की जयन्ती विजयोत्सव पर्व के रूप में यहाँ के लोगों के द्वारा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन हेमंत सिंह ने किया जिसमें अपने विचार वयक्त करने वालों में नरावं के वर्तमान मुखिया कामख्या सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुवंर सिंह देश के सच्चे भक्त थे जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई।, शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत उनके गुरीला युद्धों से डरती थी उन्होंने साठ वर्ष में भी अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए थे।कार्यक्रम में शिक्षक अजय कुमार सिंह, अमरजीत कुमार सिंह, बृज किशोर सिंह, संजय सिंह,निरज सिंह, शैलेश सिंह, शिवजी, सतेन्द्र सिंह, मनु सिंह,विनय सिंह,कुणाल सिंह, सन्नी सिंह, गगनदेव सिंह उर्फ बंटी, अजीत कुमार सिंह, अभय कुमार व अन्य भी शामिल रहें।

## महिला सशक्तिकरण को नयी दिशा देने हेतु आयोजित किया गया महिला संवाद

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार परसा प्रखंड अंतर्गत बाहमारर पंचायत अंतर्गत देवीस्थान बहमारर सुहानी ग्राम संगठन द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ बहमारर पंचायत में आशा, आरती, खुशबू, प्रगति, सलोनी ग्राम संगठनों में भी ये कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। जिसमें कुल 1525 महिलाओं ने भाग लेकर महिला संवाद के उद्देश्य को जाने एवं अपनी आकांक्षाओं और समस्याओं को खुलकर साझा किया। बहमारर की वार्ड तीन निवासी आशा देवी ने कहा कि सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ने के लिए कंप्यूटर की सुविधा होनी चाहिए । वार्ड दो निवासी सदस्य देवी ने कहा कि खेल का मैदान होना चाहिए । वार्ड तीन निवासी सदस्य निभा देवी ने कहा कि सौर ऊर्जा यूनिट की स्थापना होनी चाहिए । वार्ड एक निवासी उमरावती देवी ने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना होनी चाहिए । वार्ड नंबर एक निवासी सदस्य उर्मिला देवी ने कहा कि विवाह भवन का निर्माण होनी चाहिए । वार्ड दो निवासी सदस्य मंजू देवी ने सरकार द्वारा संचालित वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं की राशि बढ़ाने की मांग भी रखी ताकि उन्हें अधिक सहूलियत मिल सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सजे महिला संवाद जागरूकता रथ के माध्यम से वीडियो प्रस्तुतियों द्वारा महिलाओं को विभिन्न योजनाओं एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। योजनाओं पर बनी फिल्मों में महिलाओं के लिए आरक्षण, बिहार राज्य महिला सशक्तीकरण नीति, नशा मुक्ति अभियान, जीविका कार्यक्रम, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी है. इसके साथ साथ अक्षर आंचल योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, अल्पावास गृह सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही है । यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है जहां महिलाओं ने न सिर्फ अपनी बात रखी बल्कि सरकारी योजनाओं से हुए लाभ को भी साझा करेंगी। मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री ब्रजेश कुमार साह, महिला पर्यवेक्षक किरण कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक प्रिया कुमारी, सामुदायिक समन्वयक टुनटुन परसा, एमबीके प्रीति कुमारी, बुक कीपर रामनिवास राय, सीएफ प्रमिला कुमारी, सीएम सरिता देवी, कांति देवी, सुमित्रा देवी अनेकों दीदियां उपस्थित थी।

## कटाव अवरोधक कार्य का नारियल फोड़ कर विधायक ने किया शुभारम्भ

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर पश्चिमी पंचायत के अंतर्गत पछियारी टोला में बाढ़ क़े समस्याओं से जूझ रहे लोगो क़े लिए 4 करोड़ 48 लाख 15 हजार रुपए की लागत से कटाव अवरोधक कार्य का शुभारंभ सोनपुर विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारभ किया.शुभारंभ कार्यक्रम के बाद डॉ.रामानुज प्रसाद ने कहा कि कटाव अवरोधक कार्य हो जाने से सबलपुर पश्चिमी पंचायत के लोगों का भूमि एवं मकान सुरक्षित हो जाएगा। जिससे पंचायत के लोगो की जान-माल की सुरक्षा होगी। डॉ.रामानुज प्रसाद ने कहा कि कटाव अवरोधक कार्य की स्वीकृति के लिए मुझे अथक प्रयास करना पड़ा और मैंने बार-बार इस कार्य के लिए विधानसभा में प्रश्न किया, विभागीय मंत्री,प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग से मिलकर उक्त कटाव अवरोधक कार्य के लिए आग्रह किया तब जाकर कार्य की स्वीकृति मिला। डॉ.रामानुज प्रसाद ने संवेदक एवं अभियंताओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि कटाव अवरोधक कार्य ससमय पूरा करने को कहा। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में सचिन कुमार सहायक अभियंता, मनीष कुमार कनीय अभियंता अभियंता,बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमण्डल, छपरा,संवेदक प्रतिनिधि अजीत कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रतियोगिता में निधि व रिजवी अलीना रही टॉपर



**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)** थानाक्षेत्र भगवानपुर बाजार के प्रांगण में विज्ञान प्रतियोगिता का किया गया। प्रतियोगिता दो भागों में क्रमशः इन्टर व मैट्रिक स्तर पर आयोजित किया गया।प्रतियोगिता में नाज कोचिंग सेंटर उसरी की वर्ग 12वीं की छात्रा निधि गुप्ता पिता सुनील गुप्ता ग्राम कौंध भगवानपुर के निवासी ने प्रथम स्थान हासिल किया।वही सहाना खातून पिता मोहम्मद वकील ग्राम रजवाड़ा द्वितीय आयुष राज पिता राकेश प्रसाद ग्राम उसरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि दसवीं स्तर के 98 विद्यार्थियों में रिजवी अलीना पिता मोहम्मद असलम हुसैन ग्राम भगवानपुर रैंक वन ,अलका कुमारी पिता विजय महतो ग्राम उसरी रैंक 2 ,वही लगभग 20 से ज्यादा विद्यार्थी रैंक 3 में सफल रहे यह सभी विद्यार्थी नाज कोचिंग सेंटर के थे मौके पर मौजूद बीडीसी प्रतिनिधि विश्वकर्मा शर्मा ने रैंक 1 से लेकर 7 तक के सभी विद्यार्थियों को 500- 500 रुपया पुरस्कार स्वरूप दिए।इसके अलावा प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 का नगद पुरस्कार दिया गया। सभी सफल छात्र छात्राओं को कप, मेडल, बुक व बैग दिया गया ।बीडीसी प्रतिनिधि ने बताया कि बच्चों को अच्छे शिक्षा देना बहुत ही जरूरी है। इस मंहगाई की अवस्था में बच्चों को पढ़ना बहुत ही मुश्किल है ।इस मुश्किल के घड़ी में भी बच्चे पढ़ रहे हैं।हम हर समय बच्चों के साथ है ।मौके पर न्यू एस एस पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक झुनझुन कुमार ,उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुड़िया कुमारी, रीना साहनीआयाज अंसारी हिना खातून प्रगति कुमारी मनोज कुमार ,सुबोध कुमार , प्रभाकर कुमार मध्य विद्यालय उर्दू माधोपुर से रेयाज और इकबाल सर सक्सेस बैरियर कंप्यूटर अकादमी से आदर्श कुमार नवीन कुमार शर्मा नाज कोचिंग सेंटर से नाज अंसा?

## लड़की के अपहरण मामले में आरोपी को सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदचक में एक अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि लड़की के अपहरण के मामले में फरार चल रहा आरोपी टरवा मंगरपाल क़े बिक्रम महतो क़े पुत्र कृष्ण कुमार को गोविंदचक से गिरफ्तार किया गया है. आरोपी कृष्ण कुमार अपने रिश्तेदार के घर में छिपकर रह रहा था. बीते साल होली के समय लड़की के अपहरण की शिकायत लड़की के परिवार जनों ने सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई थी जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए छापामारी कर लड़की को गिरफ्तार तो कर लिया गया था लेकिन आरोपी फरार चल रहा था जहां पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे बुधवार को जेल भेज दिया है।

## दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपित तीन गिरफ्तार

**परसा (सारण)।** परसा पुलिस ने बथुई गांव से दहेज उत्पीड़न उपरांत बहु की हत्या किए जाने के मामले में आरोपित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि नामजद बथुई निवासी शिवनाथ सिंह के पुत्र पति विकास कुमार उर्फ छोटन सिंह,देवर अजय कुमार,राज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चले कि पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और उसकी हत्या किए जाने को लेकर मृतका की मां ने प्राथमिकी दर्ज करा पति देवर सहित पांच लोगों को आरोपित किया था।

## सोनपुर गंडक में डूबे बालक का दूसरे दिन भी नहीं मिला शव

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर घाट के पास मंगलवार के स्नान करने गए तीन चार लड़के में से एक आदित्य कुमार उम्र 10 वर्ष जो गंगा नदी में स्नान करने के दौरान वह डूब गया। इस घटना की जानकारी घर के परिजनों को उस वक्त मिला जब स्नान कर रहे हैं अन्य बालकों ने इस घटना की जानकारी उसके परिजनों को देते हुए बताया कि वह तीन चार लड़का जो घर क़े नजदीक गंडक नदी में स्नान कर रहा था जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। इस घटना के बाद से गांव में हाहाकार मच गया जबकि परिवार जनों को रो-रो किया बुरा हाल है। इस घटना के बाद से एसडीआरएफ की टीम ने बुधवार के गंडक नदी में सर्च अभियान चलाया लेकिन दूसरे दिन भी उसका शव नहीं मिला है। पंचायत के सरपंच भारत सिंह ने बताया कि डूबे हुए बालक का नाम आदित्य कुमार उम्र 10 वर्ष पिता अर्जुन महतो घर कल्याणपुर वार्ड नंबर 2 के निवासी है। वह इस घटना की जानकारी सोनपुर पुलिस एवं सीओ सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करा दी गई है।

## बधार के झाड़ी में बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग, ग्रामीणों व दमकल कर्मियों की मदद से पाया गया काबू

### बिजली शॉर्ट सर्किट से उठी चिनगारी, पछुआ हवा ने बढ़ाई लपटें

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के गंजपर गांव के बलुआ पर के बधार में बुधवार की दोपहर झाड़ियों में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से निकली चिनगारी के कारण लगी। पछुआ हवा की तेज़ रफ्तार के चलते आग तेजी से फैलने लगी, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।गांव के युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए डंडों व पानी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। स्थिति गंभीर होती देख ग्रामीण राजेश कुमार ने एकमा थाना को सूचना देकर दमकल वाहन बुलवाया। दमकल वाहन पर तैनात कर्मियों की टीम के समय पर पहुंचने व ग्रामीणों की काफी कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया। योगेश कुमार सिंह, राजेश प्रसाद आदि ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ी क्षति होने से बचाव हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली व्यवस्था व शॉर्ट सर्किट से होने वाली क्षति को सुधारने की मांग की है।

# पीआर कॉलेज के बाकी बचे कमरों सील करने के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय, सोनपुर को रेलवे प्रशासन द्वारा महाविद्यालय को बाकि बचे कमरों सील करने के विरोध में महाविद्यालय बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में धरना का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सैंकड़ों छात्र-छात्राएं, सोनपुर क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर सम्मिलित हुए। आयोजित धरना को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विश्वविद्यालय प्रमुख व भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि एक तरफ जहां बिहार सरकार सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ 1978 में रेलवे के तत्कालीन रेल मंत्री स्व. मधु दंडवते द्वारा स्थापित किये गए थे लेकिन वर्तमान रेलवे प्रशासन सोनपुर ने कालेज में सभी संकायों में हो रही पढ़ाई को समाप्त कराकर इसके अस्तित्व विहीन करने की साजिश रच रही है। कॉलेज में पढ़ रहे लगभग 3000 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नही। सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में मात्र एक ही डिग्री कॉलेज रेलवे कॉलेज है। इस कॉलेज से 100 शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के परिवार का भविष्य भी जुड़ा हुआ है जिसके लिए यहाँ के बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों को भी कॉलेज को बचाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। रेलवे प्रशासन पहले विद्यार्थी की पठन-पाठन की व्यवस्था करे फिर कॉलेज के रूम को सील करें। विद्यार्थी परिषद संगठन जिला सोनपुर के जिला संयोजक यशवन्त कुमार ने कहा कि जिस प्रकार से रेलवे कॉलेज के लिए भवन सहित भूमि को देकर छिनने का काम कर रही है वह किसी परिस्थिति में स्वीकार नही की जाएगी।

हम विकास के विरोधी नही हैं लेकिन एक स्थापित सुव्यवस्थित महाविद्यालय को ध्वस्त कर अन्य निर्माण उचित नहीं।राजद नेता चंदेश्वर राय ने कहा कि पूर्व मध्य रेल प्रशासन बार-बार नोटिस देकर हमें डराने का काम कर रही, अब हम कमर कसकर आंदोलन करने को बाध्य हैं और आगामी तिथि के अनुसार मंडल परिसर में धरना-प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही करने दिया जाएगा। बता दे की रेलवे ने 22 अप्रैल को कॉलेज की पूरी तरह से सील करने का निर्देश दिया था इससे पहले 18 मार्च को प्रशासन ने कॉलेज के 7 कमरों को ही सील किया था क्योंकि उस समय परीक्षा चल रही थी इसलिए अन्य कमरे को सिर्फ नहीं किया था।धरना का संचालन छात्र नेता मोहम्मद नुरैन ने की जिसमें मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य उपेन्द्र कुमार सिंह, राजकिशोर कुमार सिंह, डॉ. पप्पू राय, अभिषेक श्रीवास्तव, राम निवास राय, देवेन्द्र राय, मिथलेश राय, आमोद गोप राज नंदनी, निशा कुमारी, पूजा कुमारी, राजीव कुमार, मनीषा कुमारी, दीपा कुमारी, रिया कुमारी, अरुण यादव, आदिल परवेज, अनीश कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।




## मारपीट कांड का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुचटी खुर्द गांव निवासी देवेन्द्र राय को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। वह पूर्व में हुए एक मारपीट कांड का नामजद अभियुक्त था। एकमा थाना पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## एससी-एसटी एक्ट का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** थाना क्षेत्र के भुईली गांव निवासी बलवंत सिंह के पुत्र कालीचरण सिंह उर्फ प्रदीप कुमार सिंह को पुलिस ने मंगलवार को एकमा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह एससी/एसटी एक्ट के एक मामले में नामजद अभियुक्त था। गिरफ्तारी के बाद उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## तीन शराबी गिरफ्तार

**परसा (सारण)।** परसा पुलिस ने अलग अलग गांवो से तीन शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबियों में शीतलपुर निवासी शीतल साह का पुत्र मनीष कुमार,अन्याय निवासी मो असलम,विजय कुमार को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया था ।

## पेड़ व गेहूं की फसल में लगी आग, मची अफरातफरी

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के मानपुर पतेजी पंचायत के पतेजी बहादुर गांव में बुधवार की दोपहर गेहूं की फसल व पेड़ में अचानक आग लगा गई। इस घटना में करीब दो से तीन कट्ठा भूमि में लगी गेहूं की फसल जलकर रख गई है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी तथा आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। इस कारण अन्य किसानों की फसल जलने से बच गई। इस घटना के दौरान अफरातफरी का माहौल है। समाचार प्रेषण तक किसकी फसल जली है इसकी जानकारी नहीं हो सकी थी।

## शंकरपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण को ले भूमि पूजन

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के शंकरपुर पंचायत के कोइरीगांवा में बनने वाले पंचायत सरकार भवन का बुधवार को भूमि पूजन कर आधारशिला रखी गई।

मुखिया प्रतिनिधि सुमन कुमार प्रसाद ने भूमि पूजन कर इसकी आधारशिला रखी। ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाने का निर्णय लिया है। इसी योजना के तहत शंकरपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण ढाई करोड़ रुपये की लागत से कराई जाएगी। पंचायत सरकार भवन के निर्माण हो जाने के बाद पंचायत के लोगों को कोसों की दूरी तय कर प्रखंड कार्यालय में जाने से निजात मिल जाएगी। जब पंचायत में ही पंचायत सरकार भवन हो जाएगा तो प्रखंड, अंचल सहित अन्य कार्यालय भी इसी भवन में कार्यरत हो जाएंगे और यहीं पर जाति, निवास, आय, दाखिल खारिज, पेंशन सहित अन्य कार्य आसानी से निष्पादित होने लगेंगे। इस अवसर पर दिनेश कुमार प्रसाद, श्रीराम यादव, प्रभु यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांगवी हास्पिटल में लोगो को मिलेगी जनरल सर्जरी की बेहतर सुविधा

**सिवान।** शहर के अस्पताल रोड में वी टू माल के समीप सांगवी हास्पिटल का उद्घाटन आइएमए अध्यक्ष डा. शशि भूषण सिन्हा व सचिव डा. शरद चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर सांगवी हास्पिटल के डायरेक्टर सह प्रमुख सर्जन डा. संजय कुमार प्रसाद ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। आइएमए अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि सिवान में अच्छे जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन की कमी थी। सांगवी हास्पिटल की शुरुआत होने से निश्चित रूप से सिवान वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी। हास्पिटल के डायरेक्टर डा. संजय कुमार प्रसाद ने बताया कि उनकी पढ़ाई कोलकाता मेडिकल कालेज से हुई है। छह साल रेजिडेंट डाक्टर के रूप में गवर्नमेंट मेडिकल कालेज कोलकाता में सेवा दिए हैं। साथ ही छि वर्ष असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है। अब अपने गृह जिला में आम लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का प्रयास है। इस मौके पर भगवान प्रसाद, बीजेपी के युवा नेता मुकेश कुमार कुशवाहा, डा. आरआर कस्तूरी, क्षत्रिय लाल कुशवाहा, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार राम, डा. समीर कुमार, डा. रिमझिम कुमारी, डा. कृष्ण कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## किशोरी से दुष्कर्म के मामले में प्राथमिकी, आरोपित गिरफ्तार

**सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता की मां ने थाना में आवेदन देकर एक के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गांव के ही नंदन कुमार सिंह के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सिवान भेज दी है। पीड़िता की मां ने आवेदन में कहा है कि उनकी पुत्री मंगलवार की दोपहर घर से शौच के लिए घर से दक्षिण खेत में गई थी। तभी पहले से घात लगाए एक युवक ने उसकी पुत्री को चाकू का भय दिखा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद उसकी पुत्री रोते-बिलखते घर पहुंची एवं अपनी मां से आपबीती सुनाई। इसके बाद मां ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही युवक नंदन कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी कराई। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी करने के बाद नामजद आरोपित को बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरी ओर दुष्कर्म के मामले में बुधवार को जांच करने एफएसएल की टीम पहुंची। टीम के सदस्यों ने घटनास्थल पहुंच जांच के लिए सैंपल लिया।

## खनन विभाग के अधिकारी ने ईंट-भट्ठा का किया निरीक्षण

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के धोबवलिया बाजार के समीप एकेएस ईट उद्योग का खनन विभाग अधिकारी नवीन कुमार ने बुधवार को विभागीय आदेश तथा शिकायतकर्ता आम ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार निरीक्षण किया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि एकेएस ईंट उद्योग के ईंट पथाई से और दिनभर ट्रैक्टर के दौड़ने से जो धूल उड़ता है, उससे आस पड़ोस के दुकानदारों समेत राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं सबसे बड़ी बात है कि विद्यालय के बच्चों को काफी परेशानी होती है। हालांकि अखिलेश्वर प्रसाद द्वारा दिखाए गए एक आवेदन में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि इस चिमनी को अन्यत्र स्थापित किया जाए, परंतु पूरा मामला क्या है वह कागजी कार्रवाई में फंसा हुआ है। हालांकि जहां ईट की पथाई होती है वहां से महज 10 से 15 कदम पर सरकारी विद्यालय है तथा करीब दर्जनों दुकानें हैं। गांव के लोगों का आवागमन का रास्ता है और धूल के उड़ने से विद्यालय के बच्चों दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि यह मामला करीब दो साल से चल रहा है। अखिलेश्वर प्रसाद का यह भी कहना था कि अनिल कुमार एक सरकारी शिक्षक हैं तो उसके नाम पर चिमनी का लाइसेंस कैसे हो गया।

# राहुल के घर बदमाशों ने चलाई गोली, घर में घुस बदमाशों ने की लूटपाट, प्राथमिकी दर्ज

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के कर्णपुरा निवासी राहुल कुमार साह के घर पर बुधवार की दोपहर दो दर्जन की संख्या में आए बदमाशों ने करीब आठ राउंड फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत पैदा कर दी तथा घर में घुसकर करीब पांच लाख के आभूषण लूट कर कर फरार हो गया। इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। आसपास के लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे। वहीं बदमाशों ने दरवाजे पर रखी दो बाइक, टेंट का बर्तन एवं कुर्सी को भी क्षतिग्रस्त कर दिए तथा हथियार लहराते हुए फरार हो गए। पीड़ित के स्वजनों ने घटना की सूचना थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही जीबी नगर, गोरेयाकोठी एवं महाराजगंज थाना तथा एसडीपीओ महाराजगंज एवं एसडीपीओ सदर पहुंच कर जांच में जुट गए। तभी लोगों ने एनएच 227 ए को जाम कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। वही ग्रामीण बुद्धिजीवी लोगों ने आक्रोशितों को समझा-बुझा कर जाम को हटाया और घटना की सूचना एसपी को दी। घटना की जानकारी होते ही प्रभारी एसपी नीरज कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को बदमाशों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया।इस घटना के बाद पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि घटनास्थल से तीन खोखा बरामद की गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।बताया जाता है कि राहुल कुमार साह की शादी संपन्न होने के बाद मंगलवार की रात्रि में बहुभोज का आयोजन किया गया था। इसमें बदमाशों ने बहुभोज में गाली गलौज किया था जिसे स्थानीय लोगों द्वारा समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया था। उसी विवाद को लेकर बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया।इस मामले में राहुल की मां गीता देवी ने थाना में आवेदन देकर अभय कुमार, भक्कू सिंह, रंजन कुमार उर्फ खूनी, कमलेश सिंह, अशोक तिवारी, अमरजीत महतो, हिमांशु कुमार, अंशु सिंह, राजीव सिंह, मुन्ना सिंह, रवि राज, मुस्कान कुमार, जय प्रकाश सिंह और निशांत सिंह को आरोपित करते हुए घर पर गोली चला दहशत फैलाने एवं लूटपाट करने का आरोप लगाया है।

## महिला फुटबाल में बंगाल ने ट्राई ब्रेकर में सिवान को 2-1 से हराया

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** प्रखंड सिसवन स्थित पीसी वर्मा खेल मैदान में बुधवार को एक दिवसीय महिला फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। इसमें पश्चिम बंगाल के आसनसोल बनाम सिवान महिला फुटबाल क्लब खुदाईबारी के बीच मैच खेला गया। इसमें आसनसोल की टीम 2-1 से जीत दर्ज की। इसे पूर्व मैच का उद्घाटन बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सिंह और नैनीताल से आए अतुल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। मैच के पहले हाफ तक सिवान की टीम ने बंगाल की टीम पर दबाव बना कर रखी थी, हालांकि कोई गोल नहीं कर सकी। मध्यांतर के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन किया लेकिन किसी ने टीम गोल नहीं कर सकी। अंत में हार-जीत का निर्णय निर्णायक ने ट्राई ब्रेकर से किया, इसमें आसनसोल की टीम 2- 1 से जीत हासिल की। खेल के आयोजक पप्पू वर्मा ने बताया कि फायर सेफ्टी मैनेजमेंट कालेज के उद्घाटन के उपलक्ष्य में मैच खेला गया। बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## आरके बीएड कालेज में मना वीर कुंवर सिंह का जन्म दिवस

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के सुघड़ी स्थित राजेंद्र किशोरी बीएड कालेज में बुधवार को प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी के रूप में वीर कुंवर सिंह का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. त्रियुगी नारायण एवं सभी शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कर्मचारियों के साथ-साथ बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया। इस अवसर पर कालेज के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह एक सच्चे देश प्रेमी थे। वे अंग्रेजों से लड़ाई में बिहार के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी के रूप में नेतृत्व किए थे। उनके पदचिह्नों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक आदित्य कुमार, सुशील कुमार सिंह, अभिषेक शुक्ला, मुकेश कुमार, अजय सिंह यादव, शशिशंकर सिंह, मदन कुमार इत्यादि आदि उपस्थित थे।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष से बदमाशों ने मोबाइल, सोने की चेन व अंगूठी लूटी

**परवेज अख्तर/सीवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज- अफराद मुख्य पथ पर बंगरा के समीप नहर पर बुधवार की दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने हथियार के बल पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सह टेघड़ा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष से मोबाइल, सोने की चेन एवं अंगूठी लूट ली। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने घटना की सूचना पुलिस पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं जांच के दौरान बदमाशों द्वारा अमरेश कुमार की फेंकी मोबाइल बरामद की गई।बताया जाता है कि पैक्स अध्यक्ष अमरेश कुमार गौतम आकाशी मोड़ से अपनी बुलेट बाइक से अपने घर बंगरा आ रहे थे। तभी बंगरा एकाहवा आम के समीप दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने ओवरटेक कर उनको आगे से रोक लिया। इस दौरान दो बदमाशों ने पिस्टल उनके कमर पर तान दी तथा उनकी मोबाइल, गले से सोने की चेन, अंगूठी लूट ली। साथ ही बाइक की चाबी भी छीन ली। घटना के अंजाम देने के बाद बदमाश बंगरा नहर का बांध के रास्ते फरार हो गए।

## खनन विभाग के अधिकारी ने ईंट- भट्ठा का किया निरीक्षण

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के धोबवलिया बाजार के समीप एकेएस ईट उद्योग का खनन विभाग अधिकारी नवीन कुमार ने बुधवार को विभागीय आदेश तथा शिकायतकर्ता आम ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार निरीक्षण किया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि एकेएस ईंट उद्योग के ईंट पथाई से और दिनभर ट्रैक्टर के दौड़ने से जो धूल उड़ता है, उससे आस पड़ोस के दुकानदारों समेत राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं सबसे बड़ी बात है कि विद्यालय के बच्चों को काफी परेशानी होती है। हालांकि अखिलेश्वर प्रसाद द्वारा दिखाए गए एक आवेदन में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि इस चिमनी को अन्यत्र स्थापित किया जाए, परंतु पूरा मामला क्या है वह कागजी कार्रवाई में फंसा हुआ है। हालांकि जहां ईट की पथाई होती है वहां से महज 10 से 15 कदम पर सरकारी विद्यालय है तथा करीब दर्जनों दुकानें हैं। गांव के लोगों का आवागमन का रास्ता है और धूल के उड़ने से विद्यालय के बच्चों दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि यह मामला करीब दो साल से चल रहा है। अखिलेश्वर प्रसाद का यह भी कहना था कि अनिल कुमार एक सरकारी शिक्षक हैं तो उसके नाम पर चिमनी का लाइसेंस कैसे हो गया। विद्यालय में ड्यूटी नहीं करता है जो कहीं ना कहीं प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। अब देखना है कि कार्यवाही कब तक होती है। वहीं खनन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भाकपा माले का मना स्थापना दिवस

**आंदर(सिवान)।** प्रखंड के पड़ेजी में बुधवार की सुबह भाकपा माले का 56वां स्थापना दिवस पार्टी का झंडोत्तोलन कर मनाया गया। झंडोत्तोलन के बाद संगठन की मजबूती व पार्टी की नीतियों को दूर-दूर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर श्रीराम मांझी, दिनानाथ राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पहलगाम में सैलानियों पर हमला निंदनीय

**महाराजगंज (सिवान)।** जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हमला निंदनीय है। इसकी जितनी भर्त्सना की जाय वह कम है। उक्त बातें सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कही है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर में लोग जो आजादी से घूम रहे हैं पाकिस्तान को यह अच्छा नहीं लग रहा है। पहलगाम में 28 सेनानियों की हत्या बेकार नहीं जाएगी। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा रूख अपनाया है। गृह मंत्री अमित शाह घटना के तुरंत बाद कश्मीर गए हैं। सांसद ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार का एक ही लक्ष्य है, भारत से आतंक का सफाया। इसके देश के जिस राज्य में आतंकी अपना पैर जमाना चाह रहे हैं उनका सफाया तय है। सांसद ने कहा कि पाकिस्तान अपने मंसूबे में कभी कामयाब नहीं होगा।

## अनाधिकृत नियुक्ति को लेकर तीन पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड निवासी मोहम्मद मन्तजिर की पत्नी रेहाना खातून ने एक कंपनी में बिना किसी अनुमति के निदेशक नियुक्त करने पर तीन लोगो पर धोखाधड़ी का प्राथमिकी साइबर थाना में दर्ज कराई है।रेहाना खातून ने अपने प्राथमिकी में कही हैं कि मैं एक कम्पनी कि एक निदेशक एवं 50त्न शेयरधारक हूं।मेरा पति डॉ मुन्तजिर कम्पनी में निदेशक हैं और शेष 50त्न हिसेदारी रखते है। उन्होंने अपने भाई जोवैर और उनके पुत्र यासिर जोवैर को मेरी जानकारी , सहमती और भागीदारी के बिना कम्पनी का निदेशक नियुक्त कर दिया है।वही मेरे डिजिटल हस्ताक्षर सर्टिफिकेट का इस नियुक्ति के लिए दुरूपयोग और धोखाधड़ी किया गया है।इधर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महिला संग फरार युवक को पुलिस ने पकड़ भेजा जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा फरवरी में शादी की नीयत भगाई गई महिला व युवक को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मिल्की मधवापुर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित गुड्डू कुमार को जेल भेज दिया गया है जबकि महिला को बुधवार को न्यायालय में बयान के लिए भेजा गया है। विदित हो कि थाना के एक गांव से दो बच्चों की मां को शादी की नीयत से भगा लिया गया था। इस मामले में महिला के ससुर ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी। उसने आवेदन में कहा था कि उनके तीन पुत्र हैं, जो सभी बाहर काम करते हैं। उनके बड़े बेटे की शादी 2019 में सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के डोहर गांव में हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं। ससुर का आरोप है कि उनके पड़ोसी गुड्डू कुमार ने दवा दिलाने के बहाने उनकी बहू को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया था। इसके बाद पुलिस मामले क जांच में जुट गई थी।

**पहलगामा में बलिदान हुए बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि: बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें पुलगामा में आतंकी हमले से बलिदानी हुए बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मुन्ना कुमार, पुष्पेंद्र पांडेय, अमरनाथ शर्मा, कमलेश प्रसाद, रामेश्वर मांझी, उदय शंकर सिंह, प्रमोद तिवारी आदि मौजूद थे।

## बाब साहब के जन्म दिवस को ले आमंत्रण

**दरौली** प्रखंड के दोन पंचायत के विभिन्न गांव में बुधवार की सुबह भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम ने अपने समर्थकों के साथ डोर- टू-डोर जनसंपर्क कर बाबा साहब के जनम दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को सिवान में भाजपा पार्टी द्वारा बाबा साहब का जन्म दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत अन्य कार्यक्रकम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान शिवम कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पत्नी ने पति समेत चार लोगों पर कराई प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के साधपुर में पत्नी ने पति, ससुर, सास सहित चार लोगों पर मारपीट की प्राथमिकी कराई है। इस दौरान सुभाष कुमार की पत्नी रेखा देवी ने आरोप लगाया है कि 22 अप्रैल की रात करीब 10 बजे मेरे पति सुभाष कुमार शराब के नशे में घर आए और मुझसे दो लाख रुपये मांगने लगे। इस दौरान मैंने रुपये देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद वे हत्या करने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। ललाट पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। साथ ही दहेज में रुपये देने के लिए दबाव बनाने लगे। रुपये देने से इन्कार करने पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## बैंक गई नवविवाहिता गायब

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में रुपये फिक्सड करने आई एक नवविवाहिता संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गई। इस मामले में विवाहिता के पति ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि उत्तर प्रदेश के देवरिया के खामपार थाना क्षेत्र के बरईपार पांडेय निवासी खुर्शेद आलम की शादी 19 अप्रैल को मछौती निवासी मुस्ताक मियां की पुत्री के साथ हुई थी। 20 अप्रैल को खुर्शेद आलम पत्नी को विदा कर अपने लेकर घर चले गए। इस दौरान पत्नी बोली कि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक दारौंदा शाखा में पैसा फिक्स करना है। इसलिए मुझे लेकर वहां चलिए। 21 अप्रैल ही फिक्स करने का अंतिम तिथि है। उसके बात पर आकर पत्नी को लेकर दारौंदा उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक पहुंचा। उसकी पत्नी ने मुझे रुकने के लिए कहकर कागजात लेकर फोटो स्टेट कराने चली गई। काफी देर होने पर जब वह नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। उन्होंने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सीवान ~ पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के समर्थन में आज निकलेगा कैंडल मार्च

**परवेज अख्तर/सीवान।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए लोगों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दिए जाने के खिलाफ गुरुवार यानी 24 अप्रैल की संध्या छह बजे से शहर में बजरंग दल, विश्व हिंदु परिषद् और सनातन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में एक कैंडल मार्च निकाल जाएगा। कैंडल मार्च निकाल कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अपनी जान गवाने वाले हिंदू भाइयों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।इसको लेकर बुधवार की दोपहर शहर में महादेवा रोड स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। जहां कैंडल मार्च की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक जन्मेजय कुमार ने बताया कि यह कैंडल मार्च शहर के रजिस्ट्री कचहरी रोड स्थित शिववर्त साह छठ घाट से शुरू होकर, शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए जेपी चौक पर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो जाएगा। कैंडल मार्च में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की गई है। मौके पर बबलु साह, राजेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार, धनंजय कुमार, गिरीश कुमार सिंह, विकास कुमार, मुकेश कसेरा, मिहीर कुमार आदि शामिल थे।

## भूमि विवाद मारपीट, दो घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में बुधवार को भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक पक्ष से दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी मनोज कुमार व सुमन कुमार के रूप में हुई। मनोज ने बताया कि उक्त मोहल्ला में ही हमलोगों की भूमि है। उस पर दूसरे पक्ष द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जिसका हमलोगों ने विरुद्ध किया तो उनलोगों द्वारा मारपीट की गई।

## डा. कन्हैया चौधरी बने हुसैनगंज सीएचसी के नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

**हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद की उपस्थिति में डा. कन्हैया चौधरी को निवर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशु अंकित ने नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कन्हैया चौधरी को कार्यभार सौंपा। विदित हो कुछ विभागीय उथल-पुथल के कारण बीते छह महीनों के अंदर पांचवीं बार परिवर्तन देखने को मिला है। इस अवसर पर पूर्व प्रभारी डॉ. अंशु अंकित ने नए प्रभारी को मिठाई कराते हुए बधाई दी है। इस मौके पर डा. नीरज कुमार, बीएचएम एसरारुल हक, लेखापाल कृपाशंकर प्रसाद, प्रधान लिपिक हसीर अहमद, रंजीत कुमार, प्रभाकर सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल

**सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा में बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में दो बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां दो की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान सफियाबाद निवासी सोनू शर्मा एवं अरुण कुमार तथा करहीं निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सफियाबाद निवासी सोनू शर्मा एवं अरुण कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर मलमलिया की ओर आ रहे थे तथा करही खुर्द निवासी मुकेश कुमार भी अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। वे सभी जैसे ही सूर्यपुरा गांव स्थित लालकोठी के समीप एनएच 331 पर पहुंची तभी एक अज्ञात वाहन ने दोनों की बाइक में धक्का मारते हुए फरार हो गया। इस दौरान तीनों बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां सोनू शर्मा व मुकेश कुमार की स्थिति गंभीर बता चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सिटी मांटेसरी स्कूल में मना वीर कुंवर सिंह का 167 वां जन्म दिवस

सिवान। शहर के गांधी मैदान स्थित सिटी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित सिटी मांटेसरी स्कूल में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी से बच्चों को अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक उदय पांडेय, पार्वती कुशवाहा, अरुणेश कुमार दुबे, विनय प्रकाश श्रीवास्तव, श्रीराम साह एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।